G20

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# हिंदी कार्यशाला रिपोर्ट

## (2022-23)

राष्ट्र की सेवा में परमाणु

इंगाँपअकें

IGCAR

ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

## इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र

## कल्पाक्कम

राजभाषा कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में, केंद्र के कार्मिकों के लिए वर्ष में चार बार हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। हिंदी कार्यशाला में कार्मिकों प्रशिक्षित कर उन्हें हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यशाला में केंद्र के विभिन्न समूहों में कार्यरत पदाधिकारियों प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 4 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है:

## 1. अप्रैल-मई- 2022 के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला:

अप्रैल मई-2022 तिमाही के दौरान इंगांपअकें, कल्पाक्कम के कर्मचारियों हेतु दिनांक 28/06/2022 को राजा रमन्ना सभागार में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को कुल दो सत्रों में विभाजित किया गया। पहले सत्र में डॉ. जे. सुरेंद्रन, सेवानिवृत्त, हिंदी अधिकारी, पुदुचेरी विश्वविद्यालय, पुदुचेरी द्वारा कर्मचारियों को राजभाषा कार्यान्वयन में "बोलचाल की हिंदी का उपयोग" विषय पर कार्यशाला चलाई गई। तमिल भाषी कार्मिकों को तमिल के माध्यम से सरल हिंदी के उपयोग के तरीके बताए गएं।

मध्याहन भोजन के पश्चात, दूसरे सत्र में श्री राजू पांडेय, वरि.प्रबंधक (राजभाषा), भाविनि, कल्पाक्कम ने "राजभाषा नीति और टिप्पण एवं आलेखन" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्मिकों को टिप्पण एवं आलेखन का अभ्यास भी कराया गया। मंच का संचालन श्री जितेंद्र गुप्ता, प्रवर श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें द्वारा किया गया। कार्यशाला की व्यवस्था उप निदेशक (राजभाषा) के मार्गदर्शन में श्री सुकांत सुमन, जेटीओ एवं श्री जितेंद्र गुप्ता, प्रवर श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें द्वारा की गई। फीडबैक एवं समापन सत्र के साथ कार्यशाला समाप्त हुई।

### प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या:

| दिनांक | प्रशिक्षित कार्मिकों की कुल संख्या | | संख्या |
|---|---|---|---|
| | **अधिकारी** | **कर्मचारी** | **कुल** |
| 1 | **2** | **3** | 4 |
| 28/06/2022 | 06 | 09 | 15 |

### संपूर्ण कार्यक्रम सूची:

| तारीख | समय | विषय | विषय विशेषज्ञ |
|---|---|---|---|
| 28/06/2022 | 10:30-13:00 | राजभाषा कार्यान्वयन में बोलचाल की हिंदी का उपयोग | जे. सुरेंद्रन, सेवानिवृत्त, हिंदी अधिकारी, पुदुचेरी विश्वविद्यालय, पुदुचेरी |
| • **भोजन अवकाश 13:00 to 14:00 बजे** | | | |
| | 14:00-16:30 | राजभाषा नीति और टिप्पण एवं आलेखन | श्री राजू पांडेय, वरि.प्रबंधक (राजभाषा), भाविनि, कल्पाक्कम |




दिनांक 28/06/2022 को आयोजित हिंदी कार्यशाला

## 2. जुलाई-सितंबर- 2022 के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला:

जुलाई-सितंबर-2022 तिमाही के दौरान इंगांपअकें, कल्पाक्कम के कर्मचारियों हेतु दिनांक 20 एवं 21 सितंबर 2022 को 3-3 घंटे की हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 20 सितंबर को हिंदी टंकण का अभ्यास कराया गया जिसमें केंद्र के कुल 12 पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसी क्रम 21 सितंबर 2022 को टिप्पण एवं आलेखन पर 3 घंटे की हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र के कुल 13 पदाधिकारियों ने भाग लिया। चाय के पश्चात् फीडबैक एवं समापन सत्र के साथ कार्यशाला समाप्त हुई। कार्यशाला परीक्षा कक्ष, प्रशासन भवन में आयोजित की गई। कार्यशाला की व्यवस्था उप निदेशक (राजभाषा) के मार्गदर्शन में श्री सुकांत सुमन, जेटीओ एवं श्री जितेंद्र गुप्ता, प्रवर श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें द्वारा की गई। फीडबैक एवं समापन सत्र के साथ कार्यशाला समाप्त हुई।

### प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या:

| दिनांक | प्रशिक्षित कार्मिकों की कुल संख्या | | कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| | अधिकारी | कर्मचारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 20-9-2022 (3 घंटे) | 2 | 10 | 12 |
| 21-9-2022 (3 घंटे) | 01 | 12 | 13 |

## 3. अक्तूबर-दिसंबर- 2022 के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला:

अक्तूबर-दिसंबर-2022 तिमाही के दौरान इंगांपअकें, कल्पाक्कम के वैज्ञानिक सहायकों हेतु दिनांक 30.11.2022 को राजा रमन्ना सभागार में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को कुल चार सत्रों में विभाजित किया गया था। पहले सत्र में श्री एम.के. राव, प्रबंधक (राजभाषा), मपबिघ, कल्पाक्कम द्वारा कर्मचारियों को हिंदी में "टिप्पण एवं आलेखन" का अभ्यास कराया गया। दूसरे सत्र में "राजभाषा नीति" विषय पर श्री राजू पांडेय, वरि.प्रबंधक (राजभाषा), भाविनि, कल्पाक्कम ने अपना व्याख्यान दिया। मध्याहन भोजन के पश्चात, ई-लर्निंग स्टूडियों, एचबीबी में आरंभ हुए तीसरे सत्र में श्री सुकांत सुमन, जेटीओ, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें ने "हिंदी प्रोत्साहन योजना" के बारे में अपना व्याख्यान दिया। चतुर्थ एवं अंतिम सत्र में कार्यशाला में भाग लेने वाले कर्मचारियों को श्री जितेंद्र गुप्ता, प्रवर श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें द्वारा "कंप्यूटर पर हिंदी के प्रयोग" संबंधी जानकारी दी गई एवं हिंदी टंकण का अभ्यास कराया गया। मंच का संचालन श्री सुकांत सुमन, जेटीओ, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें द्वारा किया गया। कार्यशाला की व्यवस्था उप निदेशक (राजभाषा) के मार्गदर्शन में श्री जितेंद्र गुप्ता, प्रवर श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें द्वारा की गई। चाय के पश्चात् फीडबैक एवं समापन सत्र के साथ कार्यशाला समाप्त हुई।

### प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या:

| दिनांक | प्रशिक्षित कार्मिकों की कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | अधिकारी | कर्मचारी | कुल संख्या |
| 1 | 2 | 3 | **4** |
| **30-11-2022** | - | 13 | 13 |

### संपूर्ण कार्यक्रम सूची:

| क्र. | विषय | समय | व्याख्याता |
|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी में टिप्पण-आलेखन एवं अभ्यास | 10:00 से 11:15 | श्री एम.के. राव, प्रबंधक (राजभाषा), मपबिघ, कल्पाक्कम |
| 2 | राजभाषा नीति | 11:30 से 12:45 | श्री राजू पांडेय, वरि.प्रबंधक (राजभाषा), भाविनि, कल्पाक्कम |
| 3 | हिंदी प्रोत्साहन योजना | 13:30 से 14:45 | श्री सुकांत सुमन, जेटीओ,हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें |
| 4 | कंप्यूटर पर हिंदी का प्रयोग एवं अभ्यास | 14:45 से 17:15 | श्री जितेंद्र गुप्ता, यूडीसी, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें |
| | फीडबैक एवं समापन | | |






दिनांक 30/11/2022 को आयोजित हिंदी कार्यशाला

## 4. जनवरी-मार्च- 2023 के दौरान आयोजित हिंदी कार्यशाला:

पहले सत्र में "राजभाषा नीति" विषय पर श्री राजू पांडेय, वरि.प्रबंधक (राजभाषा), भाविनि, कल्पाक्कम ने अपना व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में श्री सुनील कुमार जांगिड़, हिंदी प्रध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, द्वारा कर्मचारियों को "हिंदी में टिप्पण एवं आलेखन" का अभ्यास कराया गया। मध्याहन भोजन के पश्चात, ई-लर्निंग स्टूडियों, एचबीबी में आरंभ हुए तीसरे सत्र में श्री प्रभात कुमार शर्मा, उप निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें ने "हिंदी प्रोत्साहन योजना" के बारे में अपना व्याख्यान दिया तथा इस योजना में भाग लेने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। चतुर्थ एवं अंतिम सत्र में कार्यशाला में भाग लेने वाले कर्मचारियों को श्री जितेंद्र गुप्ता, प्रवर श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें द्वारा "कंप्यूटर पर हिंदी के प्रयोग" संबंधी जानकारी दी गई एवं हिंदी टंकण का अभ्यास कराया गया।

### प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या:

| दिनांक | प्रशिक्षित कार्मिकों की कुल संख्या | | कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| | अधिकारी | कर्मचारी | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 16-02-2023 | 08 | 14 | 22 |

### संपूर्ण कार्यक्रम सूची:

| क्र. | विषय | समय | व्याख्याता |
|---|---|---|---|
| 1 | राजभाषा नीति | 10:00 से 11:15 | श्री राजू पांडेय, वरि.प्रबंधक (राजभाषा), भाविनि, कल्पाक्कम |
| 2 | हिंदी में टिप्पण-आलेखन एवं अभ्यास | 11:30 से 12:45 | श्री सुनील कुमार जांगिड़, हिंदी प्रध्यापक, हिं.शि. योजना |
| 3 | हिंदी प्रोत्साहन योजना | 13:30 से 14:45 | श्री प्रभात कुमार शर्मा, उप निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें |
| 4 | कंप्यूटर पर हिंदी का प्रयोग एवं अभ्यास | 14:45 से 17:15 | श्री जितेंद्र गुप्ता, यूडीसी, हिंदी अनुभाग, इंगांपअकें |
| फीडबैक एवं समापन | | | |




